(ख) यदि हा, तो इन देशो मे तस्करी को रोकने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

**वित्त मंत्रालय मे राज्य मत्री (श्री के० आर० गणेश)** . (क) जी, नही।

(ख) तथापि, सीमा के पार से तस्कर-आयात को रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के प्रश्न पर सरकार ध्यान दे रही है। सारी भारत-नेपाल सीमा पर निवारक उपायो को तीव्र कर दिया गया है। भारत-नेपाल सीमा पर तस्कर व्यापार को रोकने के लिए नियोजित कर्मचारियो की सख्या मे वृद्धि कर दी गई है तथा सुगमता से पार किये जा सकने योग्य मार्गो और क्षेत्रो मे कर्मचारियो को लगा दिया गया है। चोरी छिप लाये गये माल को ले जाने वाले व्यक्तियो तथा गाडियो को रोकने के प्रयोजन से गश्त लगाने के लिये कर्मचारियो को जीपे दी गयी है। चोरी छिपे लाये गये माल का पता लगाने तथा उसे जब्त करने के कार्य को सुविधाजनक बनाने के लिये सीमाशुल्क अधिनियम का 1969 म सशोधन किया गया है।

**राजस्थान आबकारी विभाग में अनुसूचित जाति तथा जनजाति के निरीक्षको की भर्ती**

629. **श्री पन्नालाल बारूपाल** . क्या वित्त मत्री यह बताने की कृपा करेगे कि

(क) क्या राजस्थान के आबकारी उपायुक्त ने गत वर्ष आबकारी निरीक्षकों की भर्ती के लिये आवेदन पत्र आमन्त्रित किये थे और-अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के कुछ योग्य व्यक्तियो ने आवेदन पत्र भेजे थे लेकिन उन्हें अब तक इन्टरव्यु के लिये नही बुलाया गया, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ख) राजस्थान के आबकारी विभाग मे कुल कितने निरीक्षक है और उनमे अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के कितने निरीक्षक है ?

**वित्त मत्रालय मे राज्य मत्री (श्री के० आर०-गणेश)** (क) प्रश्न का सम्बन्ध राजस्थान राज्य सरकार के आबकारी तथा कराधान विभाग से मालूम होता है। राजस्थान मे आबकारी निरीक्षको की भरती के लिये केन्द्रीय उत्पादन शुल्क विभाग द्वारा कोई आवेदन नही मागे गये थे।

(ख) यह प्रश्न नही उठता।

**Rise in Prices of Various Consumer Goods**

630 SHRI H. M PATEL Will the Minister of FINANCE (VITTA MANTRI) be pleased to state :

(a) the rise in prices of various consumer goods during the last three months '

(b) how the family budget of middle and lower middle class people has been affected consequently , and

(c) the action, if any. being taken by Government for curbing rise in prices ?

THE MINISTER OF FINANCE (VITTA MANTRI) (SHRI YASHWANTRAO CHAVAN) (a) Consumer price indices in respect of individual commodities are not compiled for the country as a whole. Variations in the wholesale price indices of selected consumer goods as between January and April 1971 are given in the enclosed statement

(b) The effect of price changes on family budgets can be measured through

changes in consumer price indices. The All India Consumer Price Index for Industrial Workers (1960=100) has declined from 186 for December 1970 to 184 for March 1971. The All India Consumer Price Index for Urban Non-manual Employees (1960=100) is not available beyond Jan. 1971. The Index has declined from 177 in November 1970 to 174 in January 1971.

(c) The Government is taking all requisite steps to maintain price stability.

*Statement*

INDEX NUMBERS OF WHOLESALE PRICES

**Monthly Averages (1961—62=100)**

| | January 1971 | April 1971 | Percentage change (April 1971 over January 1971) |
|---|---|---|---|
| Rice | 189.8 | 196.9 | +3.7 |
| Wheat | 211.7 | 205.2 | —3.1 |
| Bajra | 141.7 | 127.7 | —9.9 |
| Gram | 221.1 | 201.4 | —8.9 |
| Arhar | 303.9 | 260.1 | —14.4 |
| Potatoes | 136.4 | 111.4 | —18.3 |
| Onions | 102.8 | 95.2 | —7.4 |
| Milk | 218.5 | 235.4 | +7-7 |
| Ghee (pure) | 202.5 | 201.5 | —0.5 |
| Groundnut oil | 219.9 | 206.8 | —6.0 |
| Mustard oil | 280.2 | 208.7 | —25.5 |
| Vanaspati | 185.2 | 182.0 | —1.7 |
| Eggs | 171.4 | 133.0 | —22.4 |
| Fish | 294.4 | 323.2 | +9.8 |
| Meat | 188.3 | 195.3 | +3.7 |
| Sugar | 157.5 | 157.5 | No change |
| Gur | 202.8 | 245.6 | +21.1 |
| Tea | 122.1 | 133.2 | +9.1 |
| Coffee | 211.7 | 155.9 | —26.4 |
| Spices and condiments | 306.8 | 283.5 | —7.6 |
| Processed food | 165.8 | 165.3 | —0.3 |
| Kerosene | 176.2 | 176.2 | No change |
| Cycles | 119.3 | 121.1 | +1.5 |
| Cotton manufactures | 157.0 | 159.7 | +1.7 |
| Silk & rayon manufactures | 120.7 | 123.7 | +2.5 |
| Woollen manufactures | 182.0 | 183.2 | +0.7 |
| Leather products (shoes) | 92.1 | 92.1 | No change |

| | January 1971 | April 1971 | Percentage change (April 1971 over) (January 1971 |
|---|---|---|---|
| Aluminium utensils | 148.4 | 148.4 | No change |
| Pottery goods | 138.4 | 138.4 | No change |
| Toilet requisites | 144.5 | 144.6 | +0.1 |
| Soap | 144.7 | 144.7 | No change |
| Lamps & lanterns | 160.5 | 160.5 | No change |
| Matches | 114.1 | 114.1 | No change |

**नेशनल बुक ट्रस्ट की पुस्तकों में अनुवाद तथा मुद्रण संबंधी गलतियां**

631. श्री विभूति मिश्र : क्या शिक्षा और समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नेशनल बुक ट्रस्ट ने अनेकों महत्वपूर्ण पुस्तकों का अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद कराया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या उनके मंत्रालय को इस बात की जानकारी है कि इन अनुदित पुस्तकों में गलतियां है ;

(ग) क्या लिग्रो हुबरेमैन की "मैन्ज वर्डली गुड्ज" (मनुष्य की भौतिक सम्पदाएं) नामक पुस्तक में भाषा, पारिभाषिक शब्दावली तथा मुद्रण सम्बन्धी अनेकों गलतियां है ;

(घ) यदि हां, तो इन पुस्तकों के अनुवाद, सम्पादन तथा प्रकाशन के लिये जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गयी ; और

(ङ) ऐसी गलतियों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिये क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री डी० पी० यादव) : (क) से (ङ). नेशनल बुक ट्रस्ट ने अनेक प्रमुख अंग्रेजी पुस्तकों का हिन्दी में अनुवाद किया है ।

इन अनुदित संस्करणों में गलतियों की भरमार के संबंध में न तो नेशनल बुक ट्रस्ट को और न ही इस मंत्रालय को कोई शिकायत प्राप्त हुई है ।

सरकार को इस बात की जानकारी नहीं है कि लिग्रो हुबरमैन की 'मैन्स वर्डली गुड्स" (मनुष्य की भौतिक सम्पदाएं) नामक पुस्तक के अनुदित संस्करण में, जिसे नेशनल बुक ट्रस्ट ने 1965 में प्रकाशित किया था। अनेक-गलतियां हैं । इसके विपरीत दो सुप्रसिद्ध हिन्दी विद्वानों ने पाण्डुलिपियों की समीक्षा करते समय बहुत प्रशंसा की है ।

नेशनल बुक ट्रस्ट अनुवाद और प्रकाशन में परिशुद्धता सुनिश्चित करने का बहुत ध्यान रखता है ।

**सड़क कर आदि जमा करने में कठिनाई**

632. श्री विभूति मिश्र : क्या नौवहन और परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जनपथ नई दिल्ली स्थित दिल्ली प्रशासन के परिवहन अधिकारी के कार्यालय से ड्राइविंग लाइसेंस आदि प्राप्त करने और सड़क कर जमा कराने में जनता को कठिनाई हो रही ; है

(ख) क्या यह भी सच है कि उक्त कार्यालय में कार्य करने वाले कर्मचारियों से मिले हुवे अनेक बिचौलिये उस कार्यालय के आसपास घूमते रहते हैं और उनको कुछ अतिरिक्त धन देने से काम बड़ी आसानी से हो जाता है ; और